हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


10 महर्षि कालेज के वार्षिकोत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम व...





10 दुर्गूकोंदल में एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में ...




## खबर संक्षेप

### चालक की लापरवाही से हुई मौत, मामला दर्ज



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ठेलकाबोड़ के पास सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4189 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से गोविंद नेताम को गंभीर चोट आया व इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर अस्पताल में इलाज के दौरान 28 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आग से बचाने डमरू की गूंज से गूंजा संदेश



**दुर्गूकोंदल।** वन संरक्षण को लेकर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल के तहत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने ग्राम झिटकाटोला में डमरू बजाकर ग्रामीणों को वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया। पारंपरिक तरीके से लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने वन सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह गांव की गलियों में डमरू बजाते हुए निकले और ग्रामीणों को समझाया कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी भीषण वनाग्नि का रूप ले सकती है।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भनसुली निवासी 17 वर्षीय दीपिका कुंजाम पिता रतन ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 27 फरवरी को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका ने फांसी किन कारणों से लगाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र के हल्बा चौकी अंतर्गत 26 वर्षीय प्रफुल्ल चक्रधारी पिता स्व. सुरेंद्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 27 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गोटुलमुंडा में आज देव मड़ई का आयोजन


**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम गोटुलमुंडा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 मार्च को पारंपरिक आस्था और संस्कृति का प्रतीक देव मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम होच्चेटोला भुईयां (जिला मोहला-मानपुर) के कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं पारंपरिक लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। ग्राम गायता राजेंद्र पुडो, ग्राम पटेल मुकेश पुड़ो, उपसरपंच धनीराम पद्माकर, बल्दूराम दर्रो, अर्जुन टेकाम एवं ग्रामीणोंने जानकारी देते हुए बताया कि देव मड़ई में आसपास के गांवों से बैगा, पुजारी तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पारंपरिक उपस्थिति रहेगी।

# ऑनलाइन शॉपिंग से मंगाए 54 धारदार चाकू बरामद, आदतन पर गिरी गाज

## सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कांकेर पुलिस ने सख्त तेवर अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से पिछले तीन माह में मंगवाए गए धारदार चाकुओं की पड़ताल कर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 54 नग चाकू बरामद किए हैं। पुलिस का मानना है कि सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो और वीडियो पोस्ट करने की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसी खतरे को देखते हुए साइबर सेल की तकनीकी मदद से जिलेभर में निगरानी बढ़ाई गई और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया। साइबर सेल कांकेर ने तकनीकी विश्लेषण कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मंगवाए गए पेन चाकू, बटन चाकू, पॉकेट चाकू एवं अन्य धारदार हथियारों की जानकारी जुटाई। जांच में सामने आया कि आकर्षक डिजाइन और कम कीमत के कारण कुछ युवा शौक, दिखावे अथवा सोशल मीडिया प्रदर्शन के लिए इन हथियारों को मंगवा रहे थे। कई मामलों में इनके दुरुपयोग की आशंका भी पाई गई। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ फोटो व वीडियो पोस्ट कर युवाओं द्वारा अनजाने में आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने की स्थिति बन रही थी।



### चारामा के युवक पर हुई कार्रवाई

अभियान के दौरान चिन्हित नाबालिको एवं अन्य व्यक्तियों को समझाइश दी गई। इसके अलावा थाना चारामा क्षेत्र में सागर उसेण्डी पिता लव कुमार उसेण्डी उम्र 19 वर्ष, निवासी मरकाटोला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 25/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हु कार्रवाई की गई है।

## लोचा : विभागीय तालमेल की कमी से बढ़ा विवाद, ठेकेदार ने जताई नाराजगी

# निर्माणधीन सड़क घड़ी चौक पर बढ़ा विवाद ठेकेदार ने की अपराध दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के बहुप्रतीक्षित घड़ी चौक से पण्डरीपानी तक बन रही 1.45 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों विभागीय समन्वय की कमी के कारण विवादों में घिर गई है। ठेकेदार ने सड़क बनने के बाद खोदाई करने वालों के खिलाफ थाना में अपराध दर्ज करने के लिए शिकायत पत्र सौपा है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत घड़ी चौक से पण्डरीपानी तक सड़क निर्माण कार्य में जहां एक ओर अंतिम चरण का डामरीकरण कार्य तेजी से जारी है, वहीं दूसरी ओर पीएचई विभाग और नगर पालिका परिषद द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए नई बनी सड़क को जगह-जगह खोदे जाने का मामला सामने आया है। ठेकेदार ने इसे न केवल अनुबंध शर्तों का उल्लंघन बताया है, बल्कि भविष्य में होने वाली क्षति की जिम्मेदारी से स्वयं को अलग करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग भी की है। सड़क निर्माण कार्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

### खास बातें

- सड़क के पास खुदाई से सड़क धस रही, परेशान बढ़ी, ठेकेदार ने एफआईआर दर्ज कराने सौंपा पत्र
- ठेकेदार ने विभाग को बताया कि सड़क धसती है, इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी



### सरकारी राशि का होता है दुरपयोग

शहरवासियों का भी मानना है कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के अभाव में अक्सर नई बनी सड़कों को कुछ ही समय में खोद दिया जाता है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग होता है। ऐसे में प्रशासन के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि सभी विभाग मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें, ताकि विकास कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे और जनता को बार-बार असुविधा न झेलनी पड़े।



### पाँच वर्ष की गारंटी पर पड़ेगा प्रभाव

अनुबंध की शर्तों के अनुसार ठेकेदार को पांच वर्ष की गारंटी अवधि के तहत कार्य दिया गया है। ऐसे में ठेकेदार का कहना है कि यदि भविष्य में सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी नहीं होगी, क्योंकि वर्तमान क्षति अन्य विभागों द्वारा कराई जा रही खुदाई के कारण हो रही है। ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि लगभग 18 माह पूर्व ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पीएचई विभाग, नगर पालिका परिषद कांकेर एवं विद्युत विभाग को सड़क में पाइपलाइन, बिजली पोल शिफ्टिंग आदि कार्यों के लिए भुगतान किया जा चुका है। इसके बावजूद यदि अब सड़क बनने के बाद दोबारा खुदाई की जा रही है, तो यह विभाग प्रमुखों की लापरवाही है।

### ठेकेदार ने रिपोर्ट दर्ज करने की शिकायत

मेसर्स एमआर कंस्ट्रक्शन, कांकेर के प्रोपराईटर ने यह भी कहा है कि वर्तमान में निर्माण कार्य सतत जारी है और यदि इसी प्रकार अन्य विभागों द्वारा बिना सूचना सड़क को नुकसान पहुंचाया जाता रहा, तो परियोजना की गुणवत्ता और समयसीमा दोनों प्रभावित होंगी। उन्होंने जेसीबी मशीन से हो रही खुदाई को तत्काल रोकने तथा संबंधित विभागों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई के लिए कांकेर थाना प्रभारी को पत्र सौपा है।

# नकदी, बाइक व मोबाइल समेत सवा लाख का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ऑपरेशन उजियारा के तहत पखांजुर पुलिस ने गांजा तस्कर से 2 किलो से अधिक गांजा जप्त करते हुए गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर सख्त संदेश दिया है कि त्योहारों की आड़ में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, नगदी, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन समेत कुल 1 लाख 77 हजार 700 रुपये की संपत्ति जब्त की है।

- होली पर्व से ठीक पहले पखांजूर पुलिस ने तस्कर को दबोचा

जानकारी के अनुसार पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 2953 की डिक्की में अवैध गांजा रखकर महाराष्ट्र से पखांजुर होते हुए कापसी की ओर जा रहा है। खबर मिलते ही पुलिस ने तस्दीक किया और ग्राम माटोली चौक मेन रोड पर घेराबंदी की। संदिग्ध वाहन को रोककर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### फरवरी माह में चार प्रकरण हुए दर्ज

पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने बताया कि गांजा की खबर मिलने पर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, एएसपी पखांजुर राकेश कुर्रे के मार्गदर्शन तथा एसडीओप रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में कार्यवाही किया गया। फरवरी माह 2026 में थाना पखांजूर द्वारा गांजा, नशीली टेबलेट और सिरप की अवैध बिक्री व परिवहन के कुल चार प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

### कार्यवाही टीम में यह रहे शामिल

कार्यवाही टीम में एसआई अनिल पालेश्वर, एएसआई वेदन सलामे, प्रधान आरक्षक लिहेन्द्र देवांगन, आरक्षक हेमंत द्विवेदी, बस्तर फाईटर आरक्षक रतनु निषाद, संतोष पद्दा, मनोज आंचला, उमेश मण्डावी, महिला आक्षक कंचन मण्डावी शामिल रही।

# भानुप्रतापपुर को बेस्ट माइनर रेलवे स्टेशन का मिला खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट प्रबंधन, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं के दम पर भानुप्रतापपुर स्टेशन ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में आयोजित 70 वें रेल सप्ताह समारोह 2025 में भानुप्रतापपुर को बेस्ट माइनर स्टेशन का खिताब मिला है। यह सम्मान छोटे स्टेशनों की श्रेणी में बेहतर संचालन, साफ-सफाई, सुरक्षा और यात्री सेवाओं के समग्र मूल्यांकन के आधार पर दिया गया।

पिछले एक वर्ष में भानुप्रतापपुर स्टेशन ने यात्री प्रतीक्षालयों की व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्लेटफॉर्म की स्वच्छता और समयबद्ध ट्रेन संचालन में उल्लेखनीय सुधार किए। सुरक्षा मानकों के पालन और टीमवर्क की संस्कृति ने भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फ्रंटलाइन कर्मचारियों की सक्रियता और स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय के कारण स्टेशन ने यह मुकाम हासिल किया। समारोह में कुल 60 पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें 33 व्यक्तिगत और 27 विभागीय दक्षता शील्ड शामिल रहीं। इस बार पुरस्कार केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि छोटे स्टेशनों की कार्यकुशलता को भी प्रमुखता से सराहा गया। दुर्ग को बेस्ट मेजर स्टेशन और रायपुर को आरपीएफ व अन्य तकनीकी श्रेणियों में सम्मान मिला, वहीं भानुप्रतापपुर की यह सफलता ▶▶|शेष पेज 8 पर

# मैराथन दौड़ ने सामाजिक एकता, स्वास्थ्य और सकारात्मक बदलाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर में रविवार सुबह खेल, ऊर्जा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब भानुप्रतापपुर मैराथन 2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ।

- भानुप्रतापपुर मैराथन 2026 में भिलाई के धावकों का रहा दबदबा

शहीद भगत सिंह क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित मैराथन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और स्वस्थ शरीर, स्वस्थ समाज का संदेश देना रहा। मैराथन के तहत प्रातः 6 बजे से आयोजन स्थल में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और खेल प्रेमी पहुँचने लगे थे। मैराथन की शुरुआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। इसके बाद विधायक सावित्री मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। प्रतियोगिता दो वर्गों पुरुष (11 किमी) और महिला (5 किमी) में आयोजित की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए धावकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को ▶▶|शेष पेज 8 पर





## हर्बल गुलाल की ओर बढ़ा रुझान, सुरक्षित होली को प्राथमिकता

# स्पाइडरमैन-डोरेमोन थीम की पिचकारियों की बाजार में मची धूम, फैंसी हैं महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रंगों, उमंग और उत्साह का प्रतीक होली पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक लौट आई है। बच्चों की खिलखिलाहट और रंग-बिरंगी पिचकारियों से सजी दुकानों ने माहौल को उत्सवी बना दिया है। हालांकि इस बार महंगाई की छाया भी होली की तैयारियों पर साफ नजर आ रही है। फैंसी पिचकारियों के बढ़े दामों ने अभिभावकों की जेब पर असर डाला है, लेकिन उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही। कांकेर के पुराना बस स्टैंड में इन दिनों होली बाजार पूरी तरह सज चुका है। दुकानों में बच्चों की पसंदीदा स्पाइडरमैन और डोरेमोन थीम वाली पिचकारियों की खास मांग देखी जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इन फैंसी पिचकारियों के दाम 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। जहां साधारण प्लास्टिक पिचकारी 40 से 60 रुपए में उपलब्ध है, वहीं बैटरी और टैंक वाली बड़ी पिचकारियां 250 से 600 रुपए तक बिक रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि कच्चे माल की बढ़ती लागत, परिवहन खर्च और प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों में इजाफे के कारण दाम बढ़ाने पड़े हैं। महंगाई के बावजूद अभिभावक बच्चों की खुशी के लिए खरीदारी कर रहे हैं, हालांकि वे बढ़ती कीमतों ▶▶|शेष पेज 8 पर



### हरित होली मनाने की अपील

सामाजिक संगठनों ने भी हरित और सुरक्षित होली मनाने की अपील की है। नागरिकों से पानी की बर्बादी रोकने और सूखी होली खेलने का आग्रह किया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि हर्बल गुलाल के उपयोग से एलर्जी और त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है।य दि रंगों के इस पर्व को हर्बल गुलाल और पर्यावरण-सुरक्षा के संदेश के साथ मनाया जाए, तो होली का आनंद और भी बढ़ सकता है।

# होली का पर्व सौहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील शांति समिति ने की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

होली जैसे उल्लास और रंगों के पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के उद्देश्य से पुलिस चौकी दुधावा में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि त्योहार की खुशियों को सुरक्षित और मर्यादित वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा ने सभी उपस्थितजनों से अपील की कि होली के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश

**जगदलपुर।** शिव मंदिर वार्ड निवासी अमित कुमार दास एवं अन्य 6 के आवेदन पर तहसीलदार ने आज रविवार को स्थगन आदेश जारी कर किए जा रहे निर्माण कार्य को आगामी आदेश तक रोक दिया है। आदेश में कहा गया है कि फ्रेजरपुर पटवारी हल्का नंबर 9 में स्थित भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदकगणों के नाम पर दर्ज है। जिस पर आज 1 मार्च को जेसीबी लगाकर बाउंड्रीवाल तोड़कर कब्जा किया जा रहा है। तहसीलदार ने उमाशंकर शुक्ल और मुरली नायडु को संबंधित भूमि का दस्तावेज के साथ जवाब देने 5 मार्च तय किया है।

### साप्ताहिक बाजार में 5 रुपए प्रति किलो में बिका टमाटर

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर की बंपर आवक के कारण दाम 5 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। टमाटर बाजार में अधिक मात्रा में आ गए हैं, जिससे कीमतों में भारी गिरावट आई है। सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। बाजार में मटर 40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 30, भिंडी 60, आलू 20, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, करेला 80 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी, प्याज भाजी 20 रूपए में 3 जूड़ी बिक रही है।

**कार्यक्रम :** एकल एवं सामूहिक नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया

# महर्षि कालेज के वार्षिकोत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम व प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एकल एवं सामूहिक नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना समय की मांग है। ऐसे आयोजनों से युवाओं और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें नई पहचान मिलती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल की गई है। राज्य सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने से बस्तर में शांति और विश्वास का वातावरण सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले नक्सल प्रभाव के कारण अभिभावकों में भय का माहौल था, किंतु अब परिस्थितियाँ सकारात्मक दिशा में बदल रही हैं। आज युवा वर्ग, विशेषकर बेटियाँ, शिक्षा, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निराशा और हताशा से दूर रहकर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। भारतीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने आदर्श जीवन मूल्यों की स्थापना की। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या की धरती बताते हुए उन्होंने युवाओं से प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा से न डरने और असफलता को सीख के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक, खेल, एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के एनईपी प्रभारी रितेश कुमार नाग द्वारा प्रस्तुत किया गया।






### दीघान्त व ज्योति बने बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर

राष्ट्रीय, राज्य एवं विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों सहित वार्षिक खेल प्रतियोगिता, एनएसएस, शैक्षणिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए पुरुष वर्ग में दीघान्त मेश्राम तथा महिला वर्ग में ज्योति बोगा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कला संकाय ने प्रथम स्थान हासिल कर महर्षि वाल्मीकि कप नाम दर्ज कराया।

### 11 हजार की मिलेगी सम्मान राशि

महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के सदस्य सतीश श्रीवास्तव द्वारा घोषणा किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम बीए, बीएससी, बीकॉम एवं पत्रकारिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 11 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने पत्रकारिता विभाग के लिए एक प्रिंटर देने की भी घोषणा किए।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी सी.पी. ठाकुर, व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश रमानी, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, शंकर गांधी, राजकुमार नसीने, तथा भाजपा नेता अरविंद जैन, गुड़पाल सिंह रंधावा, डिकेश साहू, हुमांशु ठाकुर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल में एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा प्रवेश परीक्षा 1 मार्च को पूरे प्रदेश में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह परीक्षा भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा प्रवर्तित तथा छत्तीसगढ़ राज्य की आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के संचालन में आयोजित की गई थी।

■ 580 परीक्षार्थियों में से 566 विद्यार्थी उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे

एकलव्य दुर्गुकोंदल प्राचार्य बैजनाथ नरेटी एवं सेजेस दुर्गुकोंदल प्राचार्य अजय नेताम ने अवगत कराया कि जिले के कुल 5 एकलव्य विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए निर्धारित 300 सीटों के लिए आयोजित इस परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए विकासखंड में दो परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्गुकोंदल में 260 तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिगी में 300 शामिल थे। इस कुल 580 परीक्षार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें से 566 विद्यार्थी उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कुल दो घंटे की अवधि में आयोजित हुई। परीक्षा का स्वरूप अत्यंत संतुलित रखा गया था किंतु इस वर्ष परीक्षा पूर्व की तरह ओएमआर शीट में नहीं हुई। प्रश्न पत्र पर ही उत्तर देने स्थान दिया गया था। कुल 100 प्रश्न पूछे गए, जिनमें मानसिक क्षमता मेंटल एबिलिटी के 50 प्रश्न, अंकगणित अर्थमेटिक के 25 प्रश्न तथा भाषा लैंग्वेज के 25 प्रश्न शामिल थे। परीक्षा में नकारात्मक अंकन यानी माइनस मार्किंग का कोई प्रावधान नहीं रखा गया था, जिससे विद्यार्थी पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर सके। परीक्षा समाप्ति के बाद विद्यार्थियों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि पेपर काफी अच्छा और अपेक्षित स्तर का रहा। प्रश्न ठीक उसी प्रकार के आए थे, जैसा कि उनकी शालाओं में नियमित अध्यापन एवं अभ्यास के दौरान पढ़ाया गया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्कूल स्तर पर दी गई तैयारी पूरी तरह प्रभावी सिद्ध हुई।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा मात्र एक चयन प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि आदिवासी बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने, उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने तथा उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम थी। अच्छे परिणाम आने पर यह विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करने में सफल रहेगा। इन निरंतर सफलताओं से प्रेरित होकर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने शिक्षा का हब बनाने की महत्वाकांक्षी घोषणा की थी, जिसका कार्य अब शुरू हो चुका है। यह पहल क्षेत्र के आदिवासी एवं वंचित बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा, बेहतर संसाधन एवं अवसर प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी।




## आपात स्थितियों से निपटने पुलिस लाइन में हुआ हाई-टेक मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और किसी भी आकस्मिक चुनौती से निपटने के लिए कांकेर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में 28 फरवरी को पुलिस लाइन कांकेर में मॉक ड्रिल प्रशिक्षण के दूसरे सत्र का आयोजन किया गया।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा, भीड़ प्रबंधन और दंगों जैसी स्थितियों में पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया को परखना और उसे और अधिक प्रभावी बनाना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस ड्रिल में आधुनिक तकनीक और रणनीति का समन्वय देखने को मिला। प्रशिक्षण के दौरान प्रमुख रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर अभ्यास किया गया। भीड़ को तितर-बितर करने की रणनीतियां और टीम फॉर्मेशन, बॉडी प्रोटेक्शन गियर, टियर गैस (आंसू गैस), शील्ड और हेलमेट के साथ समन्वित कार्रवाई, प्राकृतिक आपदाओं के समय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया, वीआईपी सुरक्षा, संदिग्ध वस्तुओं का निपटान और आपातकालीन संचार प्रणाली की सक्रियता। प्रशिक्षण को केवल मैदान तक सीमित न रखकर इसे इंटरएक्टिव बनाया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से जवानों को पूर्व में घटित घटनाओं के वीडियो और फोटोग्राफ्स दिखाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए जवानों को सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखते हुए त्वरित निर्णय कैसे लिए जाते हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रशिक्षण केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा। आगामी दो महीनों के भीतर पूरे कांकेर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इस प्रकार के अभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे ताकि जिले का प्रत्येक जवान किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहे।



## किसान उन्नति योजना के तहत होली से पहले अन्नदाताओं को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

होली पर्व से पूर्व छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्नदाताओं को बड़ी सौगात दी गई है। मोदी की गारंटी के तहत 3100 रूपएं प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित करते हुए अंतर राशि एकमुश्त किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों से किए गए वादों को निभाते हुए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्यभर में 146 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 10 हजार 324 करोड़ रुपये की कृषि आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई। भानुप्रतापपुर ब्लॉक के 12,527 किसानों के खातों में 47 करोड़ 49 लाख 87 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। होली पर्व से पहले किसानों को अंतर राशि मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। सभापति जनपद पंचायत एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री वरुण खपर्डे ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों किसानों के हित में ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि होली जैसे पावन पर्व से पूर्व किसानों के खातों में राशि पहुंचना सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे किसानों को आगामी कृषि सत्र की तैयारियों में भी सहायता मिलेगी।



## विधायक सावित्री के पहुंचने पर खेड़ेगांव में उत्साह की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल ब्लॉक के अति सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित कोड़े पंचायत के आश्रित ग्राम सुभानी खेड़ेगांव में आज़ादी के बाद पहली बार किसी विधायक का आगमन हुआ। सावित्री मंडावी के गांव पहुंचते ही ग्रामवासी अत्यंत उत्साहित और भावुक हो उठे। नदी-नालों से घिरे इस दुर्गम क्षेत्र में आज तक न कोई विधायक और न ही कोई सांसद पहुंच पाया था। ऐसे में विधायक के आगमन को ग्रामीणों ने ऐतिहासिक क्षण बताया।

ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष पेयजल, सड़क, बिजली और सामुदायिक भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि विकास के नाम पर क्षेत्र आज भी काफी पिछड़ा हुआ है और शासन-प्रशासन की योजनाओं का पूरा लाभ यहां तक नहीं पहुंच पाया है। विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। ग्राम में जय सेवा युवा कबड्डी प्रतियोगिता के नेतृत्व में आयोजित खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह गांव के लिए ऐतिहासिक दिन है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनेश नरेटी ने कहा कि कोड़े पंचायत के खेड़ेगांव में विधायक का पहुंचना गर्व का विषय है और इससे विकास की नई उम्मीद जगी है। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि भानुप्रतापपुर की लोकप्रिय विधायक का इस वनांचल क्षेत्र में पहुंचना हम सभी के लिए हर्ष और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से अभी भी दूर है, लेकिन अब विकास की किरण यहां तक अवश्य पहुंचेगी। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में अपने आदिवासी भाइयों-बहनों के बीच आकर उन्हें आत्मीय खुशी का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। ग्रामवासियों की मांग पर उन्होंने 6.50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम में हुमन मरकाम, सरपंच कोड़े प्रेम पूडो, घमरे मने सिंह सलाम, सोमनाथ नेताम, मुकेश गावडे, सियाराम पोटाई, हीरालाल कोमरे, परमेश बघेल, कावे राम नरेटी, ग्राम गायता कौम नरेटी, बोधन साहू, नंदकुमार गुरुवार, रजमन यादव सहित वार्ड पंच एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।



## चेंबर की नई टीम ने संभाली कमान और व्यापारी हितों की रक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जिला इकाई कांकेर द्वारा कार्यकाल 2025-2028 के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 28 फरवरी को हुआ, जिसमें व्यापार जगत के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा व्यापारी हितों की रक्षा के संकल्प के साथ नई टीम ने कार्यभार संभाला।

समारोह में विधायक कांकेर आशाराम नेताम ने कहा कि व्यापार को सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ संचालित करने की बात कही, ताकि शहर में ट्रैफिक जैसी समस्याओं पर नियंत्रण रहे। ईकाई के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में व्यापारियों के लिए अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं में डिस्काउंट की पहल को सराहनीय बताते हुए बस्तर क्षेत्र में अपार व्यापारिक संभावनाओं पर जोर दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रुपेन्द्र सिंह बैस, महामंत्री विक्रम देवनानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने संगठन और व्यापारी हितों की रक्षा का संकल्प लिया। अंत में अध्यक्ष नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास जताया। कार्यक्रम में अतिथि चैंबर के प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधाकृष्ण सुंदरानी, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, अशोक राठी, मंत्री महेश भोजवानी, संरक्षक राजा देवनानी, ईश्वर लालवानी, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन सहित अनेक पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।




## कृषक उन्नति योजना सम्मेलन में सीएम ने खातों में डीबीटी के माध्यम से डाली राशि

**चारामा।** चारामा छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशानुसार विकासण्ड स्तरीय कृषक उन्नति योजना सम्मेलन का आयोजन 28 फरवरी को जनपद सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विडियो कान्फ्रेस के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए खरीब फसल 2025-26 के अंतर्गत की राशि किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाली गई। चारामा विकासखंड के 13 लैंपसो के 17000 किसानों के खाते में 916312.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई और इन किसानों के खातों में 6696.63 लाख रूपए डायरेक्ट डाले गए। मुख्यमंत्री के सम्बोधन के पूर्व इस कार्यक्रम के मुख्या अतिथि जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, अध्यक्षता रमशीला मंडावी सभापति कृषि स्थाई समिति, विशिष्ट अतिथि तेजेश्वरी सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, भाजपा किसान मौर्चा अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, जनपद सदस्य संतोषी सिन्हा, गरिमा रावटे जनपद सदस्य, रेणुका सिन्हा जनपद सदस्य सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित कर शासन की योजना और किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों, बोनस की राशि पर अपने विचार रखे और मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद उपस्थित किसानों को बोनस की राशि का प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा वितरीत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस कंवर, कृष्णा पाटले तहसीलदार, राजाराम नेताम मुख्य कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग, जनपद विभाग, लैंपस और जिला सहकारी बैंक के समस्त अधिकारी कर्मचारी का सहयोग रहा।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

